1995. Another major project namely Provision of Mechanised facilities for handling thermal coal and construction of two coal berths has also been sanc-i tioned at an estimated cost of Rs. 587.41 crores. The Consultants for preparation of detailed design and engineering for this project have since been appointed and the work of preparation of conceptual design is in progress. The project is being funded through Asian Development Bank (ADB) assistance to the tune of US$ 134.85 million. The project is scheduled to b_e completed by April, 1998.

प्रकाशस्तम्भ और दीप-नौका का कार्य

2251. **मौलाना अबेदुल्ला खान आजमी :** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्रकाश स्तम्भों और दीप-नौकाओं का विस्तृत ब्यौरा क्या है ;

(ख) प्राचीनतम और नवीनतम प्रकाश स्तम्भ और दीप-नौका का क्या नाम है और इन्हें कब स्थापित किया गया था ;

(ग) इनमें से प्रत्येक के क्या कार्य हैं;

(घ) क्या सरकार के पास इनके लिये कोई भावी योजना है ; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर) : (क) से (ग) भारतीय प्रकाशस्तम्भ अधिनियम के अनुसार "दीपघर" में कोई ऐसा प्रकाश जलयान, कोहरा-संकेतक, बोया बीकन या कोई चिन्ह संकेत या साधित्र है, जो पोत के मार्गदर्शन के लिए प्रदर्शित या प्रयुक्त हो ।

प्रकाश पोत एक नौचालन साधन हैं जो समुद्र अथवा हार्बर के प्रवेश मार्ग पर पोत के मार्ग-दर्शन के लिए स्थापित किया जाता है।

भारत का प्राचीनतम दीपघर लक्ष्यद्वीप में स्थित मिनिकॉय दीपघर है जो 100 वर्षों से भी अधिक पुराना हैं। नवीनतम दीपघर, वर्ष 1994 में प्रदर्शित किया गया जो अंदमान सागर में इंटरव्यू द्वीप में स्थित है।

दीपघरों का उद्देश्य नौचालन साधनों को सस्योग प्रदान करना है ।

(घ) और (ङ) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान, प्रकाश स्तंभों और अन्य नौचालन साधनों के विकास के लिए 57 करोड़ रु० का प्रावधान किया गया है । आठवीं योजना के दौरान मुख्य स्कीमों में मौजूदा प्राकाशस्तंभों का निर्माण और सुधार, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में नए दीप स्तंभों का निर्माण, रेल, रेडियो बीकन और विधि उपग्रह प्रणाली जैसे रेडियो नौचालन साधनों की स्थापना शामिल है।

Construction of bridge at SkribargO|,>ind-pur in Punjab

2252. SHRI BHUPINDER SINGH MANN: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state;

(a) what is the present position of the bridge under construction on Shrihargo-vindpur in Punjab and when it will be completed;

(b) what time and energy of people will be saved by completion of the above bridge which links Batala to Chandigarh via Hoshiarpur;

(c) whelher any survey has been made in this regard; and

(d) if so, what are the reasons for delay in completing the Bridge?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) The work on Srihargobindpur brfdge is in progress. The bridge proper is likely to be completed by December 1995 and the approaches and guide funds by March, 19£7 subject to availability of foTpf<3

(b) and (c) With the completion of the above bridge, the distance between Btala to Chandigarh via Hoshiarpur would be reduced by about 2.5 km. resulting in substantial time and energy saving of the people.

(d) Delay in completion of the bridge is mainly due to constraint oif funds.

भारतीय सड़क निर्माण निगम के अधीन निर्माण कार्य

2253. मौलाना ओबेदुल्ला खान आजमी : क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय सड़क निर्माण निगम द्वारा पिछले वर्ष और चालू वर्ष के दौरान अब तक शुरु किए गए निर्माण कार्यों का ब्यौरा क्या है ; और

(ख) यह निगम अगले कुछ वर्षों के दौरान और कितने निर्माण कार्य शुरू करने का विचार रखता है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर) : (क) भारतीय सड़क निर्माण निगम लि० द्वारा पिछले वर्ष के दौरान तथा चालू वर्ष में अब तक किए गए निर्माण कार्यों का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है । (नीचे देखिए) ।

(ख) अगले कुछ वर्षों में प्रारंभ किए जाने के लिए प्रस्तावित और निर्माण,कार्यों का ब्यौरा अभी से बता पाना संभव नहीं है ।

विवरण

भारतीय सड़क निर्माण निगम द्वारा किए गए निर्माण कार्यों का ब्यौरा

(करोड़ रु०)

क्र०सं०	परियोजना का नाम	संविदात्मक मूल्य
	गत वर्ष (1993-94) किए गए निर्माण कार्य :	
1.	असम में लोंगई पुल का निर्माण	1.85
2.	राउरकेला, भुवनेश्वर और इलाहाबाद में सेल परियोजनाओं के लिये प्रबंध परामर्शी सेवा	2.25
3.	एस०टी०सी० भवन में वी०आई०एफ० कार्यालय का आंतरिक विभाजन का निर्माण सजावट और कारपेट बिछाना ।	0.10
	चालू वर्ष (1994-95)	
1.	राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड कार्यालय परिसर गुड़गांव के लिये फर्नीचर उपलब्ध कराना और स्थापित करना ।	0.14
2.	राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड गुड़गांव में आंतरिक विभाजन, कृत्रिम छत,फर्शों और काउन्टरों आदि का निर्माण ।	0.13